# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

ग्राफ/विशदीकरण, जहाँ आवश्यक हो, प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान पर ही अंकन करना/देना है।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# ECONOMICS (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Graphs/Illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* प्रतिस्पर्धा के अंतर्गत लागत फलन $C(y) = y^2 + 1$ है, जहाँ $y$ उत्पादन है। प्रतिलोम पूर्ति वक्र व्युत्पन्न कीजिए और दर्शाइए कि पूर्ति वक्र कैसा दिखाई देता है।

Under competition, the cost function is given as $C(y) = y^2 + 1$, where $y$ is output. Derive the inverse supply curve and show how the supply curve looks like.

*(b)* एकाधिकार बाज़ार के अधीन कौन-सा कारक कीमत विभेद की कोटि को निर्धारित करता है?

What determines the degree of price discrimination under monopoly market?

*(c)* पर्यावरण निम्नीकरण को कम करने में 'कार्बन ट्रेडिंग' किस प्रकार मदद करता है?

How does 'carbon trading' help in reducing environment degradation?

*(d)* यू०एन०डी०पी० द्वारा मानव विकास सूचकांक का परिकलन किस प्रकार किया जाता है? क्या विभिन्न संकेतकों का भार नियत करने की इससे बेहतर विधि हो सकती है?

How is Human Development Index calculated by UNDP? Can there be a better method of assigning weights to various indicators?

*(e)* दर्शाइए कि सरल कींसवादी मॉडल में, कर और सरकारी व्यय में बराबर के विस्तार से सदैव संतुलित बजट प्रमेय नहीं उत्पन्न होता है।

Show that in a simple Keynesian model, equal expansion in tax and government expenditure does not always lead to balanced budget theorem.

**2.** *(a)* 'कॉमन्स की त्रासदी' संसाधनों के अतिशोषण की ओर ले जाती है। विश्लेषण कीजिए।

'Tragedy of the commons' leads to over-exploitation of resources. Analyze. 15

*(b)* एक अर्थव्यवस्था के लिए निम्नलिखित डाटा दिया जाता है :

उपभोग फलन, $C = 250 + 0 \cdot 5\,(Y - T) - 500r$

निवेश फलन, $I = 250 - 500r$

वास्तविक मुद्रा माँग फलन, $L / P = 0 \cdot 5Y - 500r$

नियत मुद्रा पूर्ति, $M = 7650$

कीमत स्तर, $P = 17$

कर = $T$ = सरकारी व्यय = $G$ = 200

यहाँ $Y$ = वास्तविक आय, $r$ = वास्तविक ब्याज दर, $L$ = नियत मुद्रा माँग, $P$ = कीमत स्तर।

*(i)* *IS* और *LM* वक्रों के लिए समीकरण ज्ञात कीजिए और *Y* एवं *r* का हल निकालिए।

*(ii)* मुद्रा पूर्ति परिवर्तन के लिए गुणक फॉर्मूला ज्ञात कीजिए और उसके बाद अगर मुद्रा पूर्ति में परिवर्तन 510 द्वारा हो, तो उत्पादन में परिवर्तन का परिकलन कीजिए।

The following data are given for an economy :

Consumption function, $C = 250 + 0 \cdot 5\,(Y - T) - 500r$

Investment function, $I = 250 - 500r$

Real money demand function, $L / P = 0 \cdot 5Y - 500r$

Nominal money supply, $M = 7650$

Price level, $P = 17$

Tax = $T$ = Government expenditure = $G$ = 200

Here $Y$ = Real income, $r$ = Real rate of interest, $L$ = Nominal money demand, $P$ = Price level.

*(i)* Find the equations for *IS* and *LM* curves, and solve for *Y* and *r*.

*(ii)* Find out the multiplier formula for money supply change and then calculate the change in output if money supply changes by 510. 7+8=15

*(c)* विदेश व्यापार पर नियंत्रण, विकासशील देशों के विकास में किस प्रकार योगदान कर सकते हैं?

How can controls on foreign trade contribute to the development of developing countries? 20

**3.** *(a)* जब मजदूरियों पर कर आरोपित किया जाता है, तब पीछे की ओर झुकने वाले श्रम पूर्ति वक्र को उत्पन्न करने में आय और प्रतिस्थापन प्रभाव की भूमिका निर्णायक होती है। क्या आप सहमत हैं?

The role of income and substitution effect is crucial in producing backward bending labour supply curve when a tax is imposed on wages. Do you agree? 15

*(b)* पूर्ण पूँजी गतिशीलता के मामले में, दो वैकल्पिक विनिमय दर व्यवस्थाओं—एक नियत और दूसरी नम्य—के अधीन मुद्रा पूर्ति में वृद्धि के जी०डी०पी० पर होने वाले प्रभाव में अंतर को स्पष्ट कीजिए।

In case of perfect capital mobility, explain the difference of the impact of an increase in money supply on GDP under two alternative exchange rate regimes—one fixed and the other flexible. 15

*(c)* पूर्ण प्रतियोगिता बाज़ार की तुलना में एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता वाले बाज़ार के अल्पकाल और दीर्घकाल दोनों में अदक्षता और सामाजिक दृष्टि से अवांछनीय पक्षों पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

Reflect on the inefficiency and socially undesirable aspects of monopolistic competition market situation vis-à-vis the perfect competition, both in the short and in the long run. 20

4. (a) द्वि-अधिकार मॉडल में अनुयायी की क्या समस्या होती है और यह अग्रणी की समस्या से किस प्रकार भिन्न होती है?

What is the follower's problem in a duopoly model and how does it differ from the leader's problem? 15

(b) क्या सार्वजनिक-निजी साझेदारी, भौतिक आधारिक संरचना के क्षेत्र में प्रभावशाली रूप से कार्य कर सकती है?

Can public-private partnership function effectively in the area of physical infrastructure? 15

(c) वे कौन-से अभिलक्षण हैं, जिन पर आधारित ऐसी नई व्यापार थियोरियों का निर्माण किया जाता है, जो पुरानी थियोरियों से सुस्पष्ट रूप से भिन्न होती हैं?

What are the features based on which the new trade theories are built that are distinctly different from the old theories? 20

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

(a) स्पष्ट कीजिए कि यदि प्रत्येक फेरे में जनता द्वारा आंशिक जमाखोरी की जाय और साथ-ही-साथ बैंकों के द्वारा आवश्यक न्यूनतम के ऊपर फालतू नकदी आरक्षित की जाय, तो मुद्रा गुणक पर इसका किस प्रकार प्रभाव पड़ेगा।

Explain how money multiplier will be affected if there happens to be partial hoarding by public in each round as well as excess cash reserve holding by banks over the minimum required.

(b) किन मायनों में फ्रीडमैन की परिमाण थियोरी को फिशर की थियोरी का 'पुनःकथन' कहा जाता है? स्पष्ट कीजिए।

In what sense is Friedman's quantity theory said to be a 'restatement' of Fisher's theory? Explain.

(c) पैरेटो दक्ष नियतन को प्राप्त करने के लिए कौन-कौन से मानदंडों को संतुष्ट करना पड़ेगा?

What criteria will have to be satisfied to obtain a Pareto efficient allocation?

(d) माना जाता है कि स्वचालित स्थिरीकारी, चक्रीय उच्चावचनों की तीव्रता को कम कर देते हैं, लेकिन कुछ सीमाएँ भी हैं, जो इन स्थिरीकारियों के प्रभाव को घटा देती हैं। विश्लेषण कीजिए।

Automatic stabilizers are supposed to mitigate cyclical fluctuations, but there exist limitations which dampen the effect of these stabilizers. Analyze.

(e) अंतर्राष्ट्रीय समष्टि-अर्थशास्त्रीय नीति समन्वय के सामने क्या-क्या बाधाएँ हैं? चर्चा कीजिए।

What are the obstacles to international macro-economic policy coordination? Discuss.

6. *(a)* मार्शली संतुलन, वालरसी संतुलन से किस प्रकार भिन्न है?

How is the Marshallian equilibrium different from Walrasian equilibrium? 15

*(b)* संवृद्धि मॉडलों के उन अत्यावश्यक अभिलक्षणों पर चर्चा कीजिए, जिनमें अनुसंधान और विकास समाविष्ट किया हुआ होता है।

Discuss the essential features of the growth models which incorporate research and development. 15

*(c)* समकालीन संसार में अनेक देश कुज़्नेट्स के संरचनात्मक परिवर्तन के पैटर्न का अनुसरण नहीं कर रहे हैं। कारण बताइए।

In the contemporary world, many countries are not following Kuznets' pattern of structural change. Give reasons. 20

7. *(a)* सकारात्मक इष्टतम शुल्क की संकल्पना किस प्रकार केवल बड़े देशों पर लागू है न कि छोटे देशों पर? स्पष्ट कीजिए।

In what way does the concept of a positive optimal tariff apply to only large countries and not to small countries? Explain. 15

*(b)* मुद्रा के लिए कींसवादी माँग, बेरोज़गारी की कींसवादी थियोरी की कुंजी संकल्पनाओं में से एक है। उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए।

Keynesian demand for money is one of the key concepts of Keynesian theory of unemployment. Illustrate. 15

*(c)* क्या बहुराष्ट्रीय निवेश, समावेशी संवृद्धि के उद्देश्य को विफल कर सकता है? अपने उत्तर के पक्ष में कारण प्रस्तुत कीजिए।

Can multinational investment defeat the objective of inclusive growth? Give reasons for your answer. 20

8. *(a)* मौद्रिक नीति, अल्पकाल में भी, किस कारण निष्फल हो जाती है? स्पष्ट कीजिए।

What makes monetary policy ineffective even in the short run? Explain. 15

*(b)* व्यापार संवृद्धि-उन्नायक या संवृद्धि-निरोधक हो सकता है। संस्थापित थियोरियों की दृष्टि से तर्क कीजिए।

Trade can be growth-promoting or growth-inhibiting. Argue in terms of the established theories. 20

*(c)* कृषि में बाज़ार विफलता के क्या-क्या कारण हैं? सरकारी मध्यस्थता इसकी तीव्रता को किस प्रकार कम कर सकती है?

What are the causes of market failure in agriculture? How may government intervention mitigate this? 15

★★★